# AVIG रोबोट

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में झारखंड के धनबाद ज़िले के निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर सस्वयम पी रंजन ने लगभग दो साल की मेहनत के बाद एक **AVIG** नामक रोबोट तैयार किया है, जो घर, कार्यालय, मॉल-दुकान से चंद सेकेंड में कोरोना और अन्य वैरिएंट्स के वायरस को डिएक्टिविट, यानी निष्क्रिय कर देगा। इससे संक्रमण फैलने का खतरा ज़ीरो फीसदी हो सकता है।

## प्रमुख बिंदु

- अगर किसी बंद स्थान पर जाने-अनजाने में कोरोना संक्रमित व्यक्ति पहुँचता है, तो उससे ये संक्रमण दूसरे तक पहुँचने का खतरा होता है। इस स्थिति में **AVIG** रोबोट का सीमित क्षेत्र में इस्तेमाल किया जा सकता है।
- यह रोबोट उस जगह पर मौजूद हानिकारक वायरस, बैक्टरिया को निष्क्रिय कर देगा। यह रोबोट एंड्रॉयड फोन से ऑपरेट होने वाले वाईफाई के नेटवर्क पर काम करता है, जो अपने छोटे-छोटे छोटे पहियों से घूमकर अल्ट्रावायलेट-रे के प्रभाव से मौजूद बैक्टीरिया, जर्म्स को निष्क्रिय कर देता है।
- इस रोबोट को फैक्ट्री के प्रोडक्शन फ्लोर, कॉर्पोरेट ऑफिस, हॉस्पिटल, एयरपोर्ट, मेट्रो, कमर्शियल मॉल, स्कूल, ट्यूशन हॉल, होटल, रेलवे वेटिंग हॉल, बैंक, रेस्टोरेंट, प्रार्थना हॉल, दुकान, स्टोर, पार्लर, कम्युनिटी सेंटर, घर-बंगला, अपार्टमेंट जैसे सैकड़ों स्थान पर इस्तेमाल में लाया जा सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/avig-robot